नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों पर बनाई कोविड हेल्पडेस्क

✦ नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने किया निरीक्षण

शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने आज अजीजगजं स्थित आश्रय स्थल का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय आश्रय स्थल पर उपस्थित प्रबन्धक से आश्रय स्थल में रुकने वाले व्यक्तियों के सबंध में जानकारी की गई, नगर आयुक्त ने प्रबन्धक को निर्देशित किया कि कोविड-19 से पीड़ित मरीजों जो कोविड अस्पताल में भर्ती है उनके परिजनों को रुकने के लिये यह आश्रय स्थल आरक्षित कर लिया गया है। मरीजों के परिजनों को आश्रय स्थल में रुकने के लिये आने पर उनकी जॉच कोविड-19 के सुरक्षा नियमों के अनुसार कराते हुये

प्रवेष दिया जाये तथा एक रजिस्टर रखा जाये व रुकने वाले व्यक्तियों का विवरण भी रखा जाये। कोविड-19 की महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में जनमानस की सुविधा हेतु एवं बाहर से आने वाले प्रवासी श्रमिकों एवं कामगारों हेतु सार्वजनिक स्थानों पर कोविड-19 हेल्पडेस्क संचालित किया गया ।नगर आयुक्त ने आज सभी हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया।